मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

**अनुक्रमांक**

**नाम**

# 936 **830(GO)**

## 2015

चित्रकला

केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**विशेष निर्देश :**

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से भी सभी प्रपत्रों पर स्पष्ट हस्ताक्षर करवाइए।





ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।

iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक-दृश्य-चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

v) केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

खण्ड 'क'

(अनिवार्य)

( प्राकृतिक-दृश्य-चित्रण )

1. अपने उत्तर पत्र पर समान हाशिया छोड़ते हुए बीचोबीच में 20 सेमी × 16 सेमी का एक आयत बनाइए। इसमें निम्नलिखित प्राकृतिक दृश्य चित्रण जलरंगों अथवा पेस्टल रंगों से कीजिए। चित्रांकन स्वच्छ, सुन्दर एवं प्राकृतिक होना चाहिए। जलरंगों हेतु ह्वाट्मेन पेपर और पेस्टल रंगों हेतु पेस्टल पेपर का प्रयोग कीजिए। चित्रांकन में सूर्योदय के साथ भारतीय ग्राम्य जीवन का दृश्य चित्रित कीजिए।





चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

| | | |
|---|---|---|
| अ) | सही संरचना एवं परिप्रेक्ष्य | 15 |
| ब) | संयोजन | 7½ |
| स) | सुसंगत रंगों का चयन | 15 |
| द) | आकर्षण एवं सामान्य प्रभाव। | 7½ |

**अथवा**

( आलेखन )

अपने ड्राइंग उत्तर पत्रक पर बीचोबीच 16 सेमी व्यास के वृत्त में एक आलंकारिक पूर्ण मौलिक इकाई वाला आलेखन बनाइए। आलेखन मन्दिर के छत की सजावट के लिए उपयुक्त हो जो किसी भारतीय पुष्प, पत्ती एवं कलियों

पर आधारित हो। आलेखन में किन्हीं तीन सुन्दर संगति वाले जलरंगों का प्रयोग कीजिए।

निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

अ) इकाई की मौलिकता 15

ब) लयात्मक रेखांकन 7½

स) रंगों का चयन एवं आकर्षण 15

द) सामान्य प्रभाव। 7½

**अथवा**

**( प्राविधिक कला )**

**सूचना :**

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए।

ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।





iii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट दिखाइए।

iv) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। $3 \times 15 = 45$

अ) एक 6 सेमी × 4 सेमी भुजा के आयत **अ ब स द** के क्षेत्रफल के बराबर एक समानान्तर चतुर्भुज की रचना कीजिए। दोनों संलग्न भुजाएँ 60° के कोण पर मिलती हों। 15

ब) 6 सेमी त्रिज्या के एक वृत्त में अर्धवृत्तों, वृत्तों एवं रेखाओं पर आधारित एक सुन्दर ज्यामितीय आलेखन की रचना कीजिए। 15

स) 7 सेमी भुजा का वर्ग ज्यामितीय विधि द्वारा बनाइए। केन्द्र में एक वृत्त बनाइए जो वर्ग की चारों भुजाओं को स्पर्श करती हो। 15

द) 5 सेमी भुजा वाले एक सम पंचभुज की रचना कीजिए। सम पंचभुज में पाँच समान वृत्त की रचना कीजिए। प्रत्येक वृत्त पंचभुज की दो भुजाओं को तथा अन्य दो वृत्तों को भी स्पर्श करें। 15

य) 4 सेमी × 3 सेमी भुजा के आयत का विकर्ण 200 मीटर की दूरी को प्रकट करता है। एक विकर्ण मापनी की रचना कीजिए जिस पर एक मीटर तक की दूरी पढ़ी जा सके। इस मापनी पर 583 मीटर की दूरी अंकित कीजिए। 5





**खण्ड 'ख'**

**( स्मृति चित्रण )**

2. इस प्रश्न में दो भाग **अ** तथा **ब** हैं। दोनों ही भागों को चित्रित कीजिए।

अ) दिए गए ड्राइंग कागज पर निम्नलिखित में से किसी **एक** का छाया-प्रकाश एवं प्रतिच्छाया युक्त चित्र पैंसिल से बनाइए। चित्र 15 सेमी से छोटा न हो।

रेखा सौष्ठव एवं आकृति की अनुरूपता पर क्रमशः 6 एवं 6½ अंक निर्धारित हैं।

6 + 6½

i) क्रिकेट बल्ला
ii) फूलों की टोकरी
iii) खुली पुस्तक
iv) पानी भरा गिलास।

ब) निम्नलिखित में से किसी एक का चित्रण पेन्सिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से छोटा न हो।

रेखा सौष्ठव एवं आकृति की अनुरूपता पर क्रमश: 6 एवं 6½ अंक निर्धारित हैं।

6 + 6½

i) डाल पर बैठा तोता

ii) आम का जोड़ा

iii) अनन्नास

iv) मूली पत्ते सहित।

**अथवा**





**खण्ड 'ग'**

**( भारतीय चित्रकला )**

3. अ) भारतीय चित्रकला के क्षेत्र में रंग योजना और रेखाओं के प्रभाव का उल्लेख कीजिए। 15

**अथवा**

भारत में प्रागैतिहासिक चित्रकला की शैली का वर्णन कीजिए। 15

**अथवा**

अजन्ता चित्रकारी की तकनीक और अजन्ता पेन्टिंग की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

15

ब) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न खण्ड के **चार** विकल्प दिए गये हैं। सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर-पुस्तिका में क्रमानुसार लिखिए।

i) ऑस्टवाल्ड के रंग चक्र में कितने रंग होते हैं ?

अ) दो

ब) तीन

स) पाँच

द) आठ। 1





ii) निम्न में से तटस्थ रंग कौन है ?

अ) सफेद

ब) लाल

स) हरा

द) नीला। 1

iii) अजन्ता गुफा किस राज्य में है ?

अ) उत्तर प्रदेश

ब) मध्य प्रदेश

स) उड़ीसा

द) महाराष्ट्र। 1

iv) आलेखन का सर्वप्रथम महत्व क्या है ?

अ) वस्तु को आकर्षक बनाना

ब) वस्तु को उपयोगी बनाना

स) वस्तु को कीमती बनाना

द) वस्तु को टिकाऊ बनाना। 1

v) निम्नलिखित में से ठण्डे रंग कौन-से हैं ?

अ) काला-सफेद

ब) नीला-पीला

स) लाल-पीला

द) हरा-नीला। 1





vi) हरा रंग किन दो रंगों के मिश्रण से बनता है ?

अ) लाल-हरा

ब) नीला-सफेद

स) नीला-पीला

द) लाल-नीला। 1

vii) इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं ?

अ) सात

ब) चार

स) दो

द) नौ। 1

viii) रंग माध्यमों में सबसे पारदर्शी रंग कौन-सा होता है ?

अ) पोस्टर कलर

ब) वाटर कलर

स) पेस्टल कलर

द) ऑयल कलर। 1

ix) निम्नलिखित में से कौन-सा आकार आलेखन के लिये उपयक्त नहीं है ?

अ) वृत्त

ब) वर्ग

स) त्रिकोण

द) कोण। 1





x) फेब्रिक चित्रकारी के लिए उपयुक्त माध्यम कौन है ?

अ) तैल रंग

ब) पोस्टर रंग

स) एक्रेलिक रंग

द) पेस्टल रंग। 1

830(GO) - 5,70,000